# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–12 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली विस्फोट में घायल हुए लोगों से आज एलएनजेपी अस्पताल पहुंच कर मुलाकात की। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस बीच, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली विस्फोट की घटना में शामिल सभी लोगों को कडी सजा मिलेगी। श्री शाह ने अधिकारियों को दिल्ली विस्फोट की घटना के हर दोषी की तलाश करने के निर्देश दिए हैं।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने बताया है कि सुरक्षा कारणों से लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद रहेगा। अन्य सभी स्टेशन सामान्य रूप से चालू हैं। लाल किला भी कल तक दर्शकों के लिए बंद रहेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तमिलनाडु में होखे वाला इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन–एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप दुइ हजार पचीस क ट्रॉफी क आजु लखनऊ में स्वागत कइलें। एगो रिपोर्ट–

**एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होगा। टूर्नामेंट में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा ले रही हैं। ट्रॉफी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना आह्लादित करने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद और हॉकी के यशस्वी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू को भी याद किया। उन्होंने कहा कि केडी सिंह बाबू की स्मृति को जीवंत रखने के लिए बाराबंकी में उनके निवास को एक म्यूजियम के रूप में बनाया जा रहा है। लखनऊ से मुमताज अली के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

वाराणसी के गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल में आज वाराणसी और विंध्याचल मंडल की रबी उत्पादकता गोष्ठी हुई। गोष्ठी में पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुसार किसान ऐसे अनाज पैदा करें, जिससे उनकी आय दोगुनी हो और लागत कम हो। गोष्ठी में प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार के साथ वाराणसी और विंध्याचल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**********

पूरा देश राष्ट्र–गीत वंदे मातरम की रचना के एक सौ पचासवें वर्ष का उत्सव मना रहा है। प्रस्तुत है वंदे मातरम के सबसे लोकप्रिय और मान्यता प्राप्त संस्करण 'राग देश' पर एक रिपोर्ट–

**वंदे मातरम की राजसी धुन देशभक्ति की गहराईयों को प्रतिध्वनित करते हुए, राग देश में बुनी गई है। वंदे मातरम का सबसे लोकप्रिय और मान्यता प्राप्त संस्करण राग देश में आधारित है। इसके आरोह में पाँच स्वर और अवरोह में सभी सात स्वरों का उपयोग किया गया है। इसकी संरचना वीर रस और श्रृंगार रस दोनों को व्यक्त करती है, जो इसे एक देशभक्ति गान के लिए उपयुक्त बनाती है। महान शास्त्रीय गायक पंडित भीमसेन जोशी ने राग देश में उनके भाव–विभोर कर देने वाले गायन ने भक्ति की ऐसी ज्वाला प्रज्वलित की कि मानो मातृभूमि का सार हर सुर, हर वाक्य और हर ताल में समा गया हो। वंदे मातरम की सबसे प्रारंभिक धुनों में से एक विष्णु पर घराने के प्रसिद्ध ध्रुपद वादक जदुनाथ भट्टाचार्य ने राग काफियों त्रिताल में रची थी। वंदे मातरम की अनगिनत धुनें और रचनाएँ हमारी समृद्ध और विविध संगीत विरासत का अभिन्न अंग हैं। शिवांग और सौम्या की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।**

**********

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर वर्ष बारह नवंबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 'आकाशवाणी' से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। एक रिपोर्ट–

***प्रसारण में आज का दिवस ऐतिहासिक है। ये वही तिथि है जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1947 में दिल्ली स्थित प्रसारण भवन का पहला और एकमात्र दौरा किया था। गांधी जी ने दीपावली पर एक विशेष प्रसारण के माध्यम से पाकिस्तान में विस्थापित और कुरुक्षेत्र में ठहरे हुए शोकाकुल भारतीयों को संबोधित किया था। मार्च 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक संबोधन मन की बात की 100वीं कड़ी के अवसर पर आकाशवाणी ने उसी स्टूडियो को बापू स्टूडियो के रूप में लोकार्पित किया। नितिका और आदर्श की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।***

**********

आज विश्व निमोनिया दिवस मनाया जा रहा है। प्रदेश के इटावा और गोरखपुर सहित कुछ अन्य जिलों में भी इस अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। गोरखपुर में स्वास्थ्य विभाग ने निमोनिया नियंत्रण अभियान के उद्घाटन के दौरान चार बाल रोग विशेषज्ञों को सम्मानित भी किया।

**********

मौसम विभाग ने अठारह नवम्बर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार इस अवधि में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की फिलहाल कोई संभावना नहीं है।

**********